(b) if so, the facts of the matter reported therein;

(c) what is Government reaction thereto; and

(d) in what manner it is finally proposed to dispose of 19 Westland helicopters acquired almost a decade ago and which were grounded after recurring snags in 1991?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) Yes, Sir.

(b) The Westland helicopter fleet of Pawan Hans Limited has been grounded since February, 1991, for reasons of operational safety and economic viability. Government decided in January, 1993 to offer the entire fleet of Westland helicopters together with related spares and engines for sale through global tenders.

(c) and (d) No bids have been received in responce to notice irviting global tenders. Alternative methods of disposal are under consideration.

इंडियन एयर लाइंस के बेड़े में ए-320 विमान शामिल किया जाना

466. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार चार ए-320 विमानों को बेचने की बजाय उन्हें इंडियन एयरलाइंस के बेड़े में शामिल करने संबंधी मामले पर पुनर्विचार करने का प्रस्ताव रखती है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) इंडियन एयरलाइन्स का वर्ष 1994 के दौरान पांच और ए-320 विमान अपने बेड़े में जोड़ने का प्रस्ताव है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

ए-320 विमानों को बेचने से होने वाला घाटा

467. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने उन चार ए-320 विमानों को बेचने का निर्णय ले लिया है जो इंडियन एयरलाइंस द्वारा इस वर्ष प्राप्त किये जाने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस सौदे में इंडियन एयरलाइंस को कुल कितना घाटा होगा?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) ये प्रश्न नहीं उठते।

विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा

468. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि हमारे देश में आने वाले विदेशी पर्यटकों को टैक्सी चालक और आटो रिक्शा चालक ठगते हैं; और

(ख) यदि हां, तो उन पर्यटकों को सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार कौन से कदम उठाने का विचार रखती है?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद): (क) और (ख) जब भी कभी टैक्सी चालकों और आटो रिक्शा चालकों द्वारा विदेशी पर्यटकों को लूटने की कोई विशिष्ट सूचना मिलती है जो कानून लागू करने वाले अभिकरण उचित कार्रवाई करते हैं। महत्वपूर्ण स्थानों पर बने पर्यटक सूचना और सहायता काउंटरों के जरिए वाहनों को किराए पर लेने के संबंध में पर्यटकों को आवश्यक सहायता दी जाती है। पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रीपेड टैक्सी की भी एक स्कीम है।

वायुदूत का बन्द किया जाना

469. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वायुदूत को पूरी तरह से बंद कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कौन कौन से स्थान है जहां वायुदूत के बंद होने के परिणामस्वरूप हवाई सेवाएं उपलब्ध नहीं करायी जा रही हैं;

(ग) क्या सरकार ऐसे स्थानों पर इंडियन एयरलाइंस द्वारा प्राप्त किये जाने वाले चार ए-320 विमानों से सेवाएं उपलब्ध कराने का विचार रखती है;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और